पंजाब केसरी 12/02/2026



गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के वाणिज्य विभाग द्वारा 'शेयर बाजार एवं स्टॉक मार्कीट सिमुलेशन' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में विद्यार्थियों को जानकारी देते विशेषज्ञ। (चंद्रमोहन)

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में 'शेयर बाजार एवं स्टॉक मार्कीट सिमुलेशन' विषय पर हुई संगोष्ठी

अम्बाला, 11 फरवरी (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के वाणिज्य विभाग द्वारा 'शेयर बाजार एवं स्टॉक मार्कीट सिमुलेशन' विषय पर एक ज्ञानवर्धक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शेयर बाजार की कार्यप्रणाली तथा निवेश के विविध माध्यमों की व्यावहारिक समझ प्रदान करना था। सैमीनार में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विषय के प्रति अपनी गहरी रुचि प्रदर्शित की।

सिक्योरिटीज एंड एक्सचैंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) मुम्बई से आए स्मार्ट ट्रेनर एडवोकेट विश्वदीप शर्मा ने विद्यार्थियों को स्टॉक मार्कीट की कार्यप्रणाली, निवेश के मूल सिद्धांत, ट्रेडिंग की प्रक्रिया, जोखिम प्रबंधन तथा निवेशकों की सुरक्षा में सेबी की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को निवेश करते समय आवश्यक सावधानियां बरतने, अफवाहों से दूर रहने तथा प्रमाणिक जानकारी के आधार पर निर्णय लेने की सलाह दी। सत्र को संवादात्मक बनाते हुए उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर भी दिए, जिससे विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान हुआ।

कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. अनुराधा शिकंद ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों को वास्तविक बाजार परिस्थितियों को समझने और निवेश संबंधी निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने में सहायक होते हैं। संगोष्ठी के दौरान साधारण तथा सक्रिय व्यापारिक रणनीतियों और निवेश के बीच अंतर को स्पष्ट किया गया। साथ ही व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को विषय की गहन जानकारी प्रदान की गई। शेयर बाजार में जोखिम और संभावित लाभ जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम का समापन डॉ. राम मूर्ति द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।